Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to establish airports in Dhanbad and Bokaro in Jharkhand

श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद) ः मेरे संसदीय क्षेत्र धनबाद के अंतर्गत दो जिले धनबाद एवं बोकारो, झारखण्ड राज्य के महत्वपूर्ण और औद्योगिक जिले हैं। धनबाद कोयला का देश की राजधानी माना जाता है। वहाँ कई केंद्रीय प्रतिऐठान हैं जिसमें कोल माइंस प्रोविडण्ट फण्ड का मुख्यालय, सेण्ट्रल रिसर्च स्टेशन और वहीं पर आई.आई.टी., इण्डियन स्कूल ऑफ माइंस, डी.वी.सी. के दो प्रोजेक्ट मैथेन और पंचेत तथा बोकारो में स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया का बोकारो स्टील प्लाण्ट तथा आस-पास बहुत सी इण्डस्ट्री एवं कोलयरी है। दोनों ही स्थानों पर आधुनिक हवाई अड्डा के माध्यम से हवाई सेवाओं की नितांत आवश्यकता है। हालांकि धनबाद में पुराना व पुरानी तकनीक से बना हवाई अड्डा व हवाई पट्टी है और बी.एस.एल. का भी पुराना हवाई अड्डा पूर्व से अवस्थित है। जिनका आधुनिकीकरण करने की आवश्यकता है।

अतः मैं नागर विमानन मंत्री, भारत सरकार से माँग करता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र धनबाद और बोकारो दोनों ही स्थानों पर आधुनिक हवाई अड्डा बनाया जाए तथा हवाई सेवा चालू की जाए जिसकी वर्तमान समय में नितांत आवश्यकता है।